>

Title: Regarding Need to provide stoppage of various trains at Anand Railway Junction in Gujarat-laid.

श्री मितेश पटेल (बकाभाई) (आनंद): सर्वविदित है कि मेरा संसदीय क्षेत्र आनंद औद्योगिक एवं व्यावसायिक दृष्टि से समृद्ध है जिसके परिणामस्वरुप रेल यातायात का महत्व बढ़ जाता है, फिर भी यहां अपेक्षा के अनुरूप कई महत्वपूर्ण रेलगाड़ियां जो आनंद जंक्शन से गुजरती तो हैं लेकिन यहां रुकती नहीं है जिससे यहां अन्य प्रदेश से रोजगार हेतु आने-जाने वाले प्रवासियों के साथ-साथ क्षेत्रीय जनता गाड़ी संख्या 22919/ 22920 हमसफर ट्रेन, (चेन्नई-अहमदाबाद / अहमदाबाद -चेन्नई) गाड़ी संख्या 22663 /22664 (चेन्नई -अहमदाबाद/ अहमदाबाद -चेन्नई) एक्सप्रेस एवं 82901 /82902 (मुंबई -अहमदाबाद/ अहमदाबाद -मुंबई) तेजस जैसी गाड़ियों की सुविधा से वंचित है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान जनता लगातार इन गाड़ियों के ठहराव हेतु मांग करती है।

मेरा माननीय रेल मंत्री जी से सादर अनुरोध है कि जनमानस के हितार्थ उपरोक्त गाड़ियों के आनंद जंक्शन पर ठहराव हेतु संबंधित आदेशित करने का कष्ट करें।